निविदा आमंत्रण सूचना

विशेष सुरक्षा दल सेन्टर, टेलर रोड पटना के प्रशासनिक भवन एवं उसके सामने लॉन व बहुद्देशीय भवन सफाई के लिए मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। सफाई हेतु ब्लॉक–1 प्रशासनिक भवन G+1 के 14 कमरा, 03 हॉल एवं 16 शौचालय/स्नानागार एवं परिसर सहित क्षेत्र का क्षेत्रफल–15152.24 वर्ग फीट, 2. बहूद्देशीय भवन ब्लॉक–3 G+1 के 08 कमरा, 05 हॉल, 14 शौचालय/स्नानागार, रसोई हॉल एवं भोजन कक्ष/हॉल के क्षेत्र का क्षेत्रफल–15417.30 वर्ग फीट है। इस प्रकार कुल 30569.54 वर्ग फीट का क्षेत्रफल एवं प्रशासनिक भवन के सामने खुला लॉन (करीब 8000 वर्ग फीट) एवं 100 पौध गमलो की भी साफ–सफाई व देख–रेख किया जाना है।

निविदा की शर्तें इस प्रकार है :–

1. विशेष सुरक्षा दल, बिहार, पटना के उक्त ब्लॉक–1 एवं ब्लॉक–3 के सभी भवनों/कमरों कार्यालय कक्षों, उसमें स्थित सभी शौचालयों, स्नानागार परिसर एवं उपस्कर की सफाई की जायेगी ।
2. नियोजनालय एवं श्रम विभाग, बिहार सरकार के दैनिक मजदूरी के दर से निविदा के दर न्यून नहीं होगी। साथ ही जी0एस0टी0 एवं अपग्रेड कर के साथ निविदा देंगे।
3. सफाई का कार्य 09.30 बजे प्रातः तक पूर्ण कर लिया जायेगा।
4. प्रत्येक दिन निविदादाता को विशेष सुरक्षा दल, सेन्टर की सफाई के लिए सफाई कर्मियों को कार्यालय अवधि तक रखना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता द्वारा पहचान हेतु सभी सफाईकर्मियों को फोटोयुक्त पहचान पत्र देना होगा। जिसमें सफाई कर्मियों का नाम, पता, आधार संख्या, मोबाईल संख्या अंकित होगा। यह पहचान पत्र, विशेष सुरक्षा दल, बिहार, पटना कार्यालय के पास सत्यापित कर जमा करना होगा। अवयस्क सफाई कर्मी को कार्य में नहीं लगाना होगा।
6. सफाई हेतु सभी सामानों की आपूर्ति विशेष सुरक्षा दल, बिहार, पटना के कार्यालय द्वारा की जायेगी।
7. सफाई का दर एक (01) वर्ष के लिए प्रभावी रहेगी। सफाई कार्य संतोषजनक रहने पर निविदा की अवधि को आगे बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। कार्य संतोषजनक नहीं रहने की स्थिति में निविदा को कभी भी समाप्त किया जा सकता है।
8. निविदादाता के सफाई कर्मी द्वारा लापरवाही से सरकारी सम्पति की क्षति पहुचने की स्थिति में क्षति की पूर्ण भरपाई निविदादाता को करनी होगी।
9. सफल निविदादाता को इकाई के साथ एकरारनामा अवधि में कार्य समाप्त करने के लिए एक माह पूर्व सूचित करना होगा।
10. अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं साफ–सफाई नहीं होने की स्थिति में राशि की नियमानुसार कटौती की जायेगी।
11. Outsourcing के माध्यम से मानव बल की सेवाएं प्राप्त करने एवं पारिश्रमिक भुगतान हेतु वित्त विभाग के संकल्प पत्रांक–एम0–4–06/2023–2988/वि0, दिनांक 23.03.2023 एवं पत्र संख्या एम0–4–6–2023–2149/वि0, दिनांक–14.09.2023 (समय–समय पर यथासंशोधित) द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
12. श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार का ज्ञापांक–5/एम0डब्लू0–40–15/2021 श्र0सं0–5361, पटना दिनांक–27.09.2023 के आलोक में " न्यूनतम मजदूरी " (अकुशल 378/–रूपया प्रतिदिन) तय की गई है। उसी के अनुरूप इच्छुक उम्मीदवार अपना–अपना निविदा समर्पित करेंगे।
13. न्यूनतम मजदूरी से कम समर्पित किये गये निविदादाता का निविदा स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

अतः उपरोक्त शर्तो के आलोक में इच्छुक व्यक्ति अपना–अपना मुहर बंद निविदा अद्योहस्ताक्षरी के विशेष सुरक्षा दल सेन्टर के कार्यालय कक्ष में दिनांक–07/03/2024) के अपराह्न 15.00 बजे तक निश्चित रूप से जमा कर दें। इस तिथि एवं समय के पश्चात निविदा मान्य नहीं होगी।

सभी निविदाएं दिनांक–10/03/2024) को 15.15 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

विशेष परिस्थिति में अद्योहस्ताक्षरी किसी भी समय निविदा रद्द कर सकते है।

07/02/2024

पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा)
विशेष सुरक्षा दल
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–SSG/GP/48/2022/238 पटना, दिनांक–07/02/2024

प्रतिलिपि–

1. पुलिस महानिरीक्षक(मुख्यालय), बिहार, पटना से अनुरोध है कि इस संविदा को पुलिस मुख्यालय के सूचना पट पर लगाने के संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देने हेतु सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि निविदा का कम से कम दो राष्ट्रीय समाचार पत्र (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं कम से कम दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाय।
3. जिला पदाधिकारी, पटना/वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना से अनुरोध है कि इसकी सूचना पटना शहर में प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में अपने स्तर से संबंधित का निदेशित करने की कृपा करें।
4. मुख्य कार्य पदाधिकारी, पटना नगर निगम, पटना को सूचना पट पर लगाकर इसकी सूचना प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में प्रेषित।
5. आई0टी0 प्रबंधक, पुलिस महानिदेशक कार्यालय को निविदा की एक प्रति बिहार पुलिस के वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी, रक्षित कार्यालय, विशेष सुरक्षा दल को सूचनार्थ एवं सूचना पट पर लगाकर इसकी सूचना प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में प्रेषित।
7. सभी संबंधित को सूचनार्थ।

07/02/2024

पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा)
विशेष सुरक्षा दल
बिहार, पटना।